# मतदाता अधिकार पत्र

## आपके पास निम्नलिखित अधिकार हैं:

1. **यदि आप एक पंजीकृत मतदाता हैं, तो मतदान करने का अधिकार।** आप मतदान करने के लिए पात्र हैं, यदि आप:
   - कैलिफोर्निया में रह रहे अमेरिका के निवासी हैं
   - कम-से-कम 18 वर्ष के हैं
   - वहाँ पंजीकृत हैं जहाँ आप वर्तमान में रहते हैं
   - वर्तमान में किसी गुंडागर्दी के लिए राज्य या संघीय जेल अवधि की सजा नहीं काट रहे हैं, और
   - आपको वर्तमान में किसी अदालत द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो

2. **मतदान करने का अधिकार, यदि आप एक पंजीकृत मतदाता हैं, भले ही आपका नाम सूची में नहीं है।** आप अनंतिम मतपत्र का उपयोग करते हुए मतदान करेंगे। आपकी वोट को गिना जाएगा यदि चुनाव अधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि आप मतदान करने के लिए पात्र हैं।

3. **मतदान करने का अधिकार यदि मतदान समाप्त होने के समय अभी भी लाइन में हों।**

4. **गुप्त मतदान करने का अधिकार** किसी द्वारा आपको परेशान किए बिना या आपको यह बताए बिना कि मतपत्र पर मतदान कैसे करना है।

5. **यदि आपने कोई गलती कर दी है, तो नया मतपत्र प्राप्त करने का अधिकार,** यदि आपने पहले ही अपना मत डाल न दिया हो। आप निम्नलिखित कर सकते हैं:

   **मतदान स्थल में किसी चुनाव अधिकारी से** नया मतपत्र देने के लिए कहना,
   **अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र** को किसी चुनाव कार्यालय में, या अपने मतदान स्थल पर नए डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र से बदलना, या
   **अनंतिम मतपत्र का उपयोग करते हुए मतदान करना।**

6. **अपना मतदान करने के लिए** अपने द्वारा चुने गए किसी भी व्यक्ति से **सहायता प्राप्त करने का अधिकार**, आपके नियोक्ता या यूनियन के प्रतिनिधि के सिवाए।

7. **अपना भरा हुआ डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र** कैलिफोर्निया में **किसी भी मतदान स्थल पर छोड़ने का अधिकार।**

8. **अंग्रेजी के सिवाए किसी अन्य भाषा में चुनाव सामग्री प्राप्त करने का अधिकार** यदि आपके मतदान क्षेत्र में पर्याप्त व्यक्ति वह भाषा बोलते हैं।

9. **चुनाव अधिकारियों से चुनाव प्रक्रियाओं के बारे में प्रश्न पूछने** और चुनाव प्रक्रिया को देखने का अधिकार। आप जिस व्यक्ति से प्रश्न पूछते हैं, यदि वह आपके प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाता, तो उसे किसी उत्तर के लिए आपको सही व्यक्ति के पास अवश्य भेजना चाहिए। यदि आप रुकावट डालते हैं, तो वह आपको उत्तर देना बंद कर सकता है।

10. **किसी अवैध या धोखाधड़ी वाली चुनाव गतिविधि** के बारे में किसी चुनाव अधिकारी या सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के कार्यालय को सूचित का अधिकार।

    - वेब से **www.sos.ca.gov** पर
    - ✆ फोन द्वारा **(888) 345-2692** पर
    - ईमेल द्वारा **elections@sos.ca.gov** पर

---

**यदि आपको लगता है कि आपको इनमें से कोई अधिकार दिए जाने से मना किया गया है,** तो कृपया सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की गोपनीय टोल-फ्री वोटर हॉटलाइन को **(888) 345-2692 पर फोन करें।**

---

# विषय-सूची

पृष्ठ


**त्वरित संदर्भ लेने वाली गाइड** 5

**प्रस्ताव**

**2** पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज के सुविधा-स्थलों के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है। विधायी कानून। ........ **14**

**3** विवाह का संवैधानिक अधिकार। विधायी संवैधानिक संशोधन। ........ **20**

**4** पीने के लिए सुरक्षित पानी, जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम, तथा समुदायों और प्राकृतिक भूमियों को जलवायु के कारण होने वाले जोखिमों से बचाने के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है। विधायी कानून। ........ **24**

**5** 55% मतदाता अनुमोदन के साथ किफायती आवास और सार्वजनिक बुनियादी सुविधाओं के लिए स्थानीय बॉन्ड्स की अनुमति देता है। विधायी संवैधानिक संशोधन। ........ **30**

**6** कैदी व्यक्तियों के लिए अस्वैच्छिक दासता की अनुमति देने वाले संवैधानिक प्रावधान को समाप्त करता है। विधायी संवैधानिक संशोधन। ........ **34**

**32** न्यूनतम मज़दूरी बढ़ाता है। पहल विधान। ........ **38**

**33** आवासीय संपत्ति पर किराया नियंत्रण कानून बनाने के लिए स्थानीय सरकारों के प्राधिकार का विस्तार करता है। पहल विधान। ........ **42**

**34** निश्चित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रिस्क्रिप्शन दवा से प्राप्त होने वाले राजस्वों को खर्च करने पर प्रतिबंध लगाता है। पहल विधान। ........ **46**

**35** Medi-Cal स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए स्थायी निधिकरण प्रदान करता है। पहल विधान। ........ **52**

**36** कुछ विशिष्ट नशीले पदार्थों और चोरी के अपराधों के लिए घोर अपराधों के आरोप लगाने की अनुमति देता है और सज़ाओं को बढ़ाता है। पहल विधान। ........ **58**


**राज्य बॉन्ड ऋण का अवलोकन** 64

**उम्मीदवारों के वक्तव्य** 67

**प्रस्तावित कानूनों का टेक्स्ट** 70

**मतदाता जानकारी**

मतदाता अधिकार-पत्र ........ 2
राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के वक्तव्य ........ 3
राज्य सचिव का संदेश ........ 4
चुनाव के दिन के बारे में जानकारी ........ 10
अपना मतदान स्थल खोजना ........ 10
अपनी मतदाता स्थिति की ऑनलाइन जांच करें ........ 10
चुनाव परिणाम ........ 10
जानकारी के विश्वसनीय स्रोत ........ 11
चुनाव सुरक्षा के लिए उपाय ........ 11
मतदाता चुनाव अधिनियम (VCA) के साथ मतदान करने के लिए अधिक दिन, अधिक तरीके ........ 12
देरी न करें, आज ही मतदान करें! ........ 13
अपने मतपत्र को ट्रैक करें ........ 13
California में चुनाव ........ 65
उम्मीदवारों के वक्तव्यों के बारे में जानकारी ........ 66
शीर्ष योगदानकर्ता ........ 69
राज्य सचिव के वेबसाइट संसाधन ........ 69
California मोटर विभाग द्वारा पंजीकृत मतदाता ........ 135
मतदाता पंजीकरण की गोपनीयता जानकारी ........ 135
चुनाव अभियान नोटिस ........ 136
मतदान प्रक्रिया को बिगाड़ने संबंधी नोटिस ........ 137
सैन्य और विदेशी मतदाताओं के लिए सुझाव ........ 138
विकलांग मतदाताओं के लिए सहायता ........ 139
मतदान अधिकार बहाल किया जाना ........ 140
एक मतदान कार्यकर्ता के रूप में काम करना ........ 140
अनंतिम मतदान ........ 141
काउंटी चुनाव कार्यालय ........ 142
याद रखने वाली तारीखें ........ 143


## संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के वक्तव्य *voterguide.sos.ca.gov* पर ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

# चुनाव के दिन के बारे में जानकारी


मतदान स्थल मंगलवार, 5 नवम्बर, 2024 को सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे के बीच खुले रहेंगे। अगर आप रात 8:00 बजे से पहले लाइन में लगे हुए हैं, तो आप अब भी मतदान कर सकते हैं।

# अपने मतदान स्थल या मतदान केंद्र का पता लगाएँ

मतदान स्थलों और मतदान केंद्रों की स्थापना काउंटी चुनाव अधिकारियों द्वारा की जाती है। चुनाव के दिन से कुछ सप्ताह पहले डाक से आपको प्राप्त हुई काउंटी मतदाता सूचना गाइड में आप अपने मतदान स्थल या मतदान केंद्रों का पता लगाएँ।

आप राज्य सचिव की वेबसाइट *vote.ca.gov* पर भी जा सकते हैं या मतदाता हॉटलाइन को टोल-फ्री नंबर (888) 345-2692 पर कॉल कर सकते हैं।

# अपनी मतदाता स्थिति की ऑनलाइन जांच करें




अपनी मतदाता स्थिति की जांच करने, अपने मतदान स्थल या मतदान केंद्र को खोजने और इस संबंध में अन्य जानकारियों के लिए *voterstatus.sos.ca.gov* पर राज्य सचिव के मेरी मतदाता स्थिति पृष्ठ पर जाएँ।

अपनी मतदाता स्थिति की जांच करने के लिए, आपको अपना नाम, उपनाम, जन्म तिथि, और अपने California के ड्राइविंग लाइसेंस या California के पहचान पत्र की संख्या, या अपने सामाजिक सुरक्षा संख्या के अंतिम चार अंक दर्ज करने होंगे।

मतदाता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी के लिए *voterstatus.sos.ca.gov* पर जाएँ।




5 नवम्बर, 2024 के आम चुनाव के चुनाव परिणाम, रात 8:00 बजे मतदान बंद होने के बाद California राज्य सचिव की चुनाव परिणाम वेबसाइट *electionresults.sos.ca.gov* पर उपलब्ध होंगे।

परिणाम चुनाव दिवस की रात 8:00 बजे से पोस्ट किए जाने शुरू कर दिए जाएँगे और चुनाव दिवस की पूरी रात अपडेट किए जाते रहेंगे। इसके बाद के दिनों में, कैनवास के दौरान परिणाम हर दिन शाम 5:00 बजे अपडेट किए जाएँगे जबकि काउंटियाँ शेष मतपत्रों की गिनती कर रही होंगी।

चुनाव के आधिकारिक प्रमाणित परिणाम 13 दिसंबर, 2024 तक *sos.ca.gov/elections* पर पोस्ट किए जाएँगे।

# चुनाव संबंधी जानकारी के विश्वसनीय स्रोतों की तलाश करें

राज्य सचिव यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुरक्षित, संरक्षित, सटीक और सुलभ हों। जान-बूझकर या अन्यथा गलत जानकारी देना मतदाताओं को भ्रमित करता है और चुनावी प्रक्रिया में अविश्वास पैदा करता है। California में देश में सबसे व्यापक मतदान प्रणाली परीक्षण और प्रमाणन कार्यक्रमों में से एक मौजूद हैं।

अफ़वाहों और गलत जानकारी देने के विरुद्ध हमारा बेहतरीन बचाव आप ही हैं! झूठी चुनावी जानकारी आपके सोचने से भी कहीं ज़्यादा आम है। यदि कोई दावा चौंका देने वाला लगता है या आपको परेशान करने के लिए बनाया गया है, तो हो सकता है कि यह सच न हो।

चुनाव संबंधी विश्वसनीय जानकारी के लिए बेहतरीन स्रोत आपके स्थानीय और राज्य के चुनाव अधिकारी हैं। चुनावी तथ्यों या फैलाई जा रही आम अफ़वाहों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, *catrustedinformation.sos.ca.gov* पर जाएँ।

गलत जानकारी की रिपोर्ट *votesure@sos.ca.gov* पर करें।

# California चुनाव सुरक्षा उपाय

## सुरक्षित प्रौद्योगिकी

- काउंटी मतदान प्रणालियाँ इंटरनेट से जुड़ी हुई नहीं हैं
- मजबूत सुरक्षा तकनीकों को नियमित रूप से अपनाया जाता है
- हमारे राज्य और संघीय भागीदारों के सहयोग से खतरे की नियमित निगरानी और भेद्यता की जाँच की जाती है
- California के राज्य सचिव द्वारा गहन मतदान प्रणाली परीक्षण और प्रमाणन किया जाता है
- केवल अधिकृत चुनाव कर्मचारियों को ही उनकी भूमिका से संबंधित प्रणालियों तक पहुंच प्राप्त होती है

## सुरक्षित प्रक्रियाएँ

- VoteCal एक केंद्रीकृत राज्यव्यापी मतदाता पंजीकरण डेटाबेस है। VoteCal आधिकारिक रिकॉर्डों के प्रति जाँच करता है और इसे नियमित रूप से अपडेट किया जाता है
- मतपत्रों और चुनाव प्रौद्योगिकी को अभिरक्षा-की-श्रृंखला (चेन-ऑफ़-कस्टडी) की कड़ी कार्यविधियों का पालन करना आवश्यक है
- सभी पंजीकृत मतदाताओं के लिए कागज़ी मतपत्र उपलब्ध हैं
- चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव के बाद लेखा-परीक्षण किया जाता है
- सभी डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र लिफाफों पर हस्ताक्षर सत्यापित किए जाते हैं
- आग, बाढ़, साइबर घटनाओं, और इस तरह की अन्य घटनाओं के लिए आपातकालीन योजना बनाना

## सुरक्षित सुविधा-केंद्र और लोग

- स्थानों की भौतिक सुगमता पर नियंत्रण और सुरक्षा
- सभी स्थानों के लिए सुरक्षा और सुगमता का आकलन कार्य पूरा कर लिया गया है
- मतपत्र ड्रॉप बॉक्स सुरक्षित किए गए हैं और उनकी निगरानी की जाती है
- चुनाव प्रक्रियाएँ परिचालन के विशिष्ट घंटों के दौरान देखे जाने के लिए खुली रहती है
- सभी कर्मचारियों को फिशिंग और साइबर सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है

## California मतदाता विकल्प अधिनियम के साथ

# मतदान करने के लिए अधिक दिन, अधिक तरीके




### चुनाव के दिन से पहले 10 दिनों तक व्यक्तिगत रूप से मतदान करें

- Alameda
- Amador
- Butte
- Calaveras
- El Dorado
- Fresno
- Humboldt
- Kings
- Los Angeles
- Madera
- Marin
- Mariposa
- Merced
- Napa
- Nevada
- Orange
- Placer
- Riverside
- Sacramento
- San Benito
- San Diego
- San Mateo
- Santa Clara
- Santa Cruz
- Sonoma
- Stanislaus
- Tuolumne
- Ventura
- Yolo

**California में, प्रत्येक सक्रिय पंजीकृत मतदाता को प्रत्येक चुनाव से पहले डाक में स्वचालित रूप से एक मतपत्र प्राप्त होगा।** यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको आपका मतपत्र प्राप्त हो, अपनी मतदाता पंजीकरण स्थिति की जाँच करें।

### डाक द्वारा मतदान करें:

**जैसे ही आपको आपका मतपत्र प्राप्त हो,** इसे डाक द्वारा लौटाएँ

### ड्रॉप बॉक्स का इस्तेमाल करें:

अपने मतपत्र को **चुनाव से पहले 28 दिन तक** किसी भी काउंटी में बने सुरक्षित ड्रॉप-ऑफ़ स्थान पर लौटाएँ

### मतदान केंद्र:

- **चुनाव से पहले 10 दिन तक** काउंटी में कहीं भी व्यक्तिगत रूप से जाकर मतदान करें
- मतदान करने के लिए पंजीकरण करें और उसी दिन मतदान करें
- अपना मतपत्र डालें

**अधिक जानकारी के लिए RegisterToVote.ca.gov पर जाएँ या (888) 345-2692 पर कॉल करें।**

CALIFORNIA VOTER'S CHOICE ACT
VCA.SOS.CA.GOV

लाइन में नहीं लगना चाहते और जल्दी मतदान करना चाहते हैं? **अधिक जानकारी के लिए QR कोड को स्कैन करें!**

# देरी न करें, आज ही मतदान करें!

California के सभी मतदाताओं को 5 नवम्बर, 2024 के आम चुनाव के लिए पहले से डाक-टिकट लगे वापसी लिफाफे के साथ डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र भेजा जाएगा। काउंटी चुनाव अधिकारी 7 अक्तूबर, 2024 से California के मतदाताओं को डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र भेजना शुरू कर देंगे।

जैसे ही मतपत्र डाक में भेजे जाते हैं, डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र पर मतदान करने की अवधि शुरू हो जाती है। अपनी राय जल्दी सुनाएँ! 7 अक्तूबर से लेकर 5 नवम्बर को मतदान की समाप्ति तक की मतदान अवधि के दौरान अपना डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र लौटाएँ।

## डाक-द्वारा-मतदान करना आसान है।

लोकतंत्र आप पर निर्भर करता है! अपने मतदान करने के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए इन पाँच आसान चरणों का पालन करें:

☑ **इसे पूरा करें।**

अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र पर अपनी पसंदों पर निशान लगाएँ।

☑ **इसे सील करें।**

अपने मतपत्र को अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से प्राप्त डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र के वापसी लिफाफे के अंदर डालकर सुरक्षित करें।

☑ **इस पर हस्ताक्षर करें।**

अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र के वापसी लिफाफे के बाहर हस्ताक्षर करें।

सुनिश्चित करें कि आपके हस्ताक्षर आपके CA ड्राइवर लाइसेंस/राज्य आईडी पर दिए गए हस्ताक्षर, या मतदान करने के लिए पंजीकरण करते समय आपके द्वारा प्रदान किए गए हस्ताक्षर से मेल खाते हैं। आपका काउंटी चुनाव कार्यालय आपके मतपत्र की गिनती करने से पहले उन दोनों की आपस में तुलना करेगा।

☑ **इसे वापस भेजें।**

ड्रॉप बॉक्स द्वारा—अपना पूरा किया गया डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र 8 अक्तूबर से लेकर 5 नवम्बर को मतदान समाप्ति की अवधि के बीच किसी भी समय अपनी काउंटी में बने किसी सुरक्षित आधिकारिक ड्रॉप बॉक्स में डालें।

डाक द्वारा—सुनिश्चित करें कि आपके डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र वापसी लिफाफे पर 5 नवम्बरतक की डाक-मोहर लगा दी गई है। कोई डाक-टिकट लगाने की आवश्यकता नहीं है!

व्यक्तिगत रूप से—अपना पूरा किया हुआ डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र 5 नवम्बर को रात 8:00 बजे तक किसी भी सुरक्षित ड्रॉप बॉक्स, मतदान स्थल, मतदान केंद्र, या काउंटी चुनाव कार्यालय में छोड़ दें। चुनाव के दिन से पहले सभी काउंटियों में मतदान स्थल उपलब्ध होंगे। मतदान स्थल मतदाता पंजीकरण, प्रतिस्थापन मतपत्र, सुलभ मतदान मशीनें और भाषा सहायता प्रदान करते हैं।

☑ **इसे ट्रैक करें।**

टेक्स्ट मैसेज (SMS), ईमेल, या वॉयस कॉल द्वारा अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र की स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने के लिए *wheresmyballot.sos.ca.gov* पर साइन-अप करें।




सभी मतदाता अब California के आधिकारिक “मेरा मतपत्र कहाँ है?” ट्रैकिंग टूल के जरिये अपने मतपत्रों पर महत्वपूर्ण अपडेट प्राप्त कर सकते हैं। **साइन-अप करने में तीन मिनट से भी कम समय लगता है!**

***आप क्या ट्रैक कर पाएंगे:***




आप अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र की स्थिति पर टेक्स्ट (SMS), ईमेल, या वॉयस कॉल द्वारा सूचनाएँ प्राप्त करने का चुनाव कर सकते हैं, जिसमें आपके मतपत्र के साथ कोई समस्या होने पर चेतावनी और उन्हें ठीक करने के निर्देश भी शामिल हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपका मतपत्र गिना जाता है।

हर कदम पर अपने मतपत्र को ट्रैक करने के अवसर से न चूकें!

आप इस URL को अपने ब्राउज़र में भी कॉपी कर सकते हैं: ***wheresmyballot.sos.ca.gov***

# California में चुनाव

शीर्ष दो उम्मीदवार खुले प्राथमिक अधिनियम के अनुसार आवश्यक है कि मतदाता-मनोनीत कार्यालय के सभी उम्मीदवारों को एक ही मतपत्र पर सूचीबद्ध किया जाए। पहले पक्षपातपूर्ण कार्यालयों के रूप में जाने जाते, मतदाता-मनोनीत कार्यालयों में राज्य विधायी कार्यालय और अमेरिकी कांग्रेस के कार्यालय शामिल होते हैं।

खुले प्राथमिक और आम चुनावों दोनों में, आप अपने मतदाता पंजीकरण फॉर्म पर बताई गई पार्टी की वरीयता के बावजूद किसी भी उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं। प्राथमिक चुनाव में, अधिकतम वोट प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवार — चाहे उनकी पार्टी वरीयता कोई भी क्यों न हो — आम चुनाव में आगे जाते हैं। अगर एक उम्मीदवार को बहुमत वोट (कम से कम 50% + 1) प्राप्त होते हैं, तो फिर भी आम चुनाव आयोजित किया जाना ज़रूरी है।

मतदाता-मनोनीत पदों के लिए खड़े राइट-इन उम्मीदवार अब भी प्राथमिक चुनावों में भी चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, कोई राइट-इन उम्मीदवार आम चुनाव में केवल तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह उम्मीदवार प्राथमिक चुनाव में शीर्ष के दो वोट प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से एक हो। इसके अतिरिक्त, आम चुनाव के लिए कोई स्वतंत्र नामांकन प्रक्रिया नहीं होती है।

California की यह खुली प्राथमिक प्रणाली अमेरिकी राष्ट्रपति, काउंटी की केंद्रीय समिति, या स्थानीय कार्यालय के पदों के लिए चुनाव में खड़े उम्मीदवारों पर लागू नहीं होती है।

California के कानून के तहत निम्नलिखित जानकारी को इस नोटिस में प्रकाशित किया जाना आवश्यक है।

## पार्टी-नामित/पक्षधर कार्यालय

राजनीतिक दल प्राथमिक चुनाव में पार्टी-नामित/पक्षधर कार्यालयों के लिए औपचारिक रूप से उम्मीदवारों को नामांकित कर सकते हैं। कोई नामांकित उम्मीदवार आम चुनाव में विशिष्ट कार्यालय के लिए अपने आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में उस पार्टी का प्रतिनिधित्व करेगा और मतपत्र पर एक आधिकारिक पदनाम दर्शाएगा जाएगा। प्राथमिक चुनाव में प्रत्येक पार्टी का शीर्ष वोट प्राप्त करने वाला व्यक्ति आम चुनाव में आगे जाएगा। पार्टियाँ प्राथमिक चुनाव में काउंटी केंद्रीय समितियों के अधिकारियों का भी चुनाव करती हैं।

कोई मतदाता केवल उस राजनीतिक दल के प्राथमिक चुनाव में मतदान कर सकता है जिसके लिए उसने मतदान करने के लिए पंजीकरण करवाते समय अपनी वरीयता का खुलासा किया है। हालांकि, कोई राजनीतिक दल उस व्यक्ति को अनुमति दे सकता है जिसने उस पार्टी के प्राथमिक चुनाव में वोट देने के लिए पार्टी की वरीयता का खुलासा करने से इनकार किया हो।

## मतदाता-मनोनीत कार्यालय

राजनीतिक दलों को प्राथमिक चुनाव में मतदाता-मनोनीत कार्यालयों के लिए औपचारिक रूप से उम्मीदवार नामांकित करने का अधिकार नहीं होता है। प्राथमिक चुनाव में मतदाता-मनोनीत कार्यालय के लिए नामांकित उम्मीदवार जनता का नामांकित व्यक्ति होता है, न कि आम चुनाव में किसी पार्टी का आधिकारिक नामांकित व्यक्ति। मतदाता-मनोनीत कार्यालय के लिए नामांकन हेतु उम्मीदवार की अपनी योग्य पार्टी की वरीयता, या योग्य पार्टी की वरीयता का न होना मतपत्र पर निर्दिष्ट होगा, लेकिन पार्टी वरीयता पदनाम केवल उम्मीदवार द्वारा चुना जाता है और इसे केवल मतदाताओं की जानकारी के लिए दिखाया जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि उस उम्मीदवार को नामित पार्टी द्वारा नामांकित या अनुमोदित किया गया है, या पार्टी और उस उम्मीदवार के बीच कोई संबंध है, और मतदाताओं द्वारा नामांकित किसी भी उम्मीदवार को किसी भी राजनीतिक दल का आधिकारिक रूप से नामांकित उम्मीदवार नहीं माना जाएगा। काउंटी मतदाता जानकारी गाइड में पार्टियाँ मतदाता-मनोनीत कार्यालयों के लिए ऐसे उम्मीदवारों की सूची तैयार कर सकती हैं, जिन्हें पार्टी का आधिकारिक अनुमोदन प्राप्त हुआ हो।

कोई भी मतदाता किसी भी उम्मीदवार के लिए मतदाता-मनोनीत कार्यालय हेतु मतदान कर सकता है, अगर वह उस कार्यालय के लिए मतदान करने के लिए आवश्यक अन्य योग्यताएँ पूरी करता/ती हो। प्राथमिक चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त करने वाले पहले दो उम्मीदवार मतदाता-मनोनीत कार्यालय के आम चुनाव में आगे जाते हैं, भले ही दोनों उम्मीदवारों ने एक ही पार्टी वरीयता पदनाम को निर्दिष्ट किया हो। किसी भी पार्टी के पास अपनी पार्टी वरीयता पदनाम वाले किसी उम्मीदवार को आम चुनाव में आगे भेजने का अधिकार नहीं होता है जब तक कि वह उम्मीदवार प्राथमिक चुनाव में दो सबसे अधिक वोट पाने वालों में से एक न हो।

### निर्दलीय कार्यालय

राजनीतिक दल प्राथमिक चुनाव में निर्दलीय कार्यालयों के लिए उम्मीदवारों को नामित करने के हकदार नहीं होते हैं, और प्राथमिक चुनाव में कोई उम्मीदवार आम चुनाव में विशिष्ट कार्यालय के लिए किसी भी पार्टी का आधिकारिक उम्मीदवार नहीं होता है। एक निर्दलीय कार्यालय में नामांकन के लिए खड़ा कोई उम्मीदवार मतपत्र पर अपनी पार्टी वरीयता, या पार्टी वरीयता के न होने को निर्दिष्ट नहीं कर सकता है। निर्दलीय कार्यालय के लिए प्राथमिक चुनाव में दो सबसे अधिक वोट पाने वाले उम्मीदवार आम चुनाव में आगे जाएंगे।

# राज्य के उम्मीदवारों और मतपत्र विधेयकों के शीर्ष योगदानकर्ता

जब कोई समिति (एक व्यक्ति या समूह जो उम्मीदवारों या मतपत्र विधेयकों के समर्थन या विरोध में मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से धन प्राप्त या खर्च करता है) कम से कम $1 मिलियन इकट्ठा करती है, तो उस समिति के लिए California के निष्पक्ष राजनैतिक आचरण आयोग (FPPC) को अपने शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं की जानकारी देना आवश्यक होता है। यदि इस सूची में कोई भी बदलाव होता है, तो समिति को इस सूची को अपडेट करना होगा।

ये सूचियाँ FPPC वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:
*fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html*

उम्मीदवारों या मतपत्र विधेयकों के लिए अभियानों के योगदानों की जाँच करने के लिए, राज्य सचिव की वेबसाइट *powersearch.sos.ca.gov* पर जाएँ।

---

# निम्न के लिए राज्य सचिव की वेबसाइट पर जाएँ:

- अनुसंधान अभियान योगदान और लॉबिंग गतिविधि
  *cal-access.sos.ca.gov* या *powersearch.sos.ca.gov*
- इस मतदाता गाइड को अन्य भाषाओं में देखें
  *voterguide.sos.ca.gov*
- अपनी पंजीकरण स्थिति और पंजीकरण जानकारी की जांच करें
  *voterstatus.sos.ca.gov*
- चुनाव के दिन अपना मतदान स्थल या कोई मतदान केंद्र खोजें
  *sos.ca.gov/elections/polling-place* या *voterstatus.sos.ca.gov*
- डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र संबंधी जानकारी प्राप्त करें
  *sos.ca.gov/elections/voter-registration/vote-mail*
- पहली बार वाले मतदाताओं के लिए उपयोगी जानकारी पढ़ें
  *sos.ca.gov/elections/voting-resources/voting-california*
- चुनाव के दिन पर मतदान की समाप्ति के बाद लाइव चुनाव परिणाम देखें
  *electionresults.sos.ca.gov*

# California
# मोटर विभाग द्वारा पंजीकृत मतदाता

California मोटर विभाग द्वारा पंजीकृत मतदाता कार्यक्रम California मोटर वाहन विभाग (DMV) में मतदान करने के लिए पंजीकरण करने को अधिक सुविधाजनक तथा सुरक्षित बना रहा है। ड्राइवर लाइसेंस, आईडी कार्ड, या पते में बदलाव जैसे कार्य सम्पादनों को ऑनलाइन, डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से DMV में पूरा करने वाले सभी योग्य व्यक्तियों को मतदान करने के लिए अपने आप ही पंजीकृत किया जाएगा, जब तक कि वे स्वचालित रूप से मतदाता पंजीकरण से "बाहर रहने" का विकल्प नहीं चुनते।

California मोटर विभाग द्वारा पंजीकृत मतदाता कार्यक्रम उन सभी California वासियों पर लागू होता है जो 18 साल या उससे अधिक उम्र के हैं और निम्नलिखित सभी मानदंड पूरे करते हैं:

- संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक हैं।
- California के निवासी हैं।
- कोई जघन्य अपराध साबित होने की वजह से वर्तमान में राज्य या संघीय जेल में कारावास की सजा नहीं काट रहे हैं।
- वर्तमान में किसी न्यायालय द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाए गए हैं।

मतदाता पूर्व पंजीकरण उनके लिए उपलब्ध है जो 16 और 17 साल की उम्र के हैं। जब वे 18 साल के हो जाएँगे तो उनका मतदाता पंजीकरण अपने आप सक्रिय हो जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए, *motorvoter.sos.ca.gov* पर जाएँ।

मतदान करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए, *registertovote.ca.gov* पर जाएँ।

---

# मतदाता पंजीकरण की गोपनीयता जानकारी

**घर में सुरक्षित गोपनीय मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम:** जीवन को खतरे में डालने वाली परिस्थितियों का सामना कर रहे कुछ चुनिंदा मतदाता (जैसे कि, घरेलू हिंसा, पीछा किया जाना, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी, बुज़ुर्ग/आश्रित बुज़ुर्ग के साथ दुर्व्यवहार से पीड़ित और उत्तरजीवी लोग) गोपनीय मतदाता दर्जे के लिए योग्यता प्राप्त कर सकते हैं यदि वे घर में सुरक्षित कार्यक्रम के सक्रिय सदस्य हैं। अधिक जानकारी के लिए, राज्य सचिव के घर में सुरक्षित कार्यक्रम के टोल-फ्री नंबर (877) 322-5227 पर संपर्क करें या *sos.ca.gov/registries/safe-home/* पर जाएँ।

**मतदाता जानकारी गोपनीयता:** आपके मतदाता पंजीकरण शपथपत्र की जानकारी का इस्तेमाल चुनाव अधिकारियों द्वारा आपको मतदान प्रक्रिया को लेकर आधिकारिक जानकारी भेजने के लिए किया जाएगा, जैसे कि आपके मतदान स्थल का स्थान, और वे विधेयक और उम्मीदवार जो मतपत्र पर दिखाई देंगे। मतदाता पंजीकरण जानकारी का व्यावसायिक तौर पर इस्तेमाल किया जाना कानून द्वारा वर्जित है और यह एक अपराध है। मतदाता की जानकारी किसी पद के लिए खड़े उम्मीदवार, मतपत्र विधेयक समिति, या चुनाव, अध्ययनशील, पत्रकारिता, राजनीतिक या सरकारी उद्देश्यों के लिए अन्य व्यक्ति को प्रदान की जा सकती है, जैसा कि राज्य सचिव द्वारा निर्धारित किया गया है। इन उद्देश्यों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और सामाजिक सुरक्षा नंबर, या आपके मतदाता पंजीकरण कार्ड पर दिखाए गए आपके हस्ताक्षर रिलीज़ नहीं किए जा सकते हैं। यदि मतदाता जानकारी के इस्तेमाल के बारे में आपके कोई प्रश्न है या ऐसी जानकारी के संदिग्ध दुरुपयोग की रिपोर्ट करना चाहते हैं, तो कृपया राज्य सचिव की टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर कॉल करें।

# चेतावनी: चुनाव प्रचार करना वर्जित है!

उल्लंघन करने पर जुर्माने लगाए जा सकते हैं और/या कारावास की सजा दी जा सकती है।

## कहाँ:

- मतपत्र पर मतदान करने के लिए कतार में खड़े किसी व्यक्ति के आसपास या मतदान स्थल के प्रवेश द्वार, पटरी के किनारे मतदान करना या ड्रॉप बॉक्स के 100 फीट के भीतर निम्नलिखित गतिविधियाँ करना वर्जित हैं।

## कौन सी गतिविधियाँ वर्जित हैं:

- किसी व्यक्ति को किसी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक के पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए न कहें।
- किसी उम्मीदवार का नाम, तस्वीर या लोगो प्रदर्शित न करें।
- किसी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स तक पहुंच को अवरुद्ध न करें या आसपास कूड़ा न फैलाएँ।
- किसी मतदान स्थल, मतदान केंद्र या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के पास किसी भी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक के पक्ष में या विपक्ष में कोई भी सामग्री या सुनने लायक जानकारी प्रदान न करें।
- किसी पहल, जनमत संग्रह, रीकॉल या उम्मीदवार के नामांकन सहित किसी भी याचिका को प्रसारित न करें।
- किसी भी उम्मीदवार का नाम, तस्वीर, लोगो, और/या किसी भी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक का समर्थन या विरोध करने वाले किसी भी कपड़े (टोपी, कमीज, संकेत, बटन, स्टिकर) को वितरित, प्रदर्शित न करें या पहनें नहीं।
- किसी भी मतदाता की मतदान करने की पात्रता के बारे में जानकारी प्रदर्शित न करें या उसके बारे में मतदाता से बात न करें।



ऊपर संक्षेप में दिए गये चुनाव प्रचार निषेध California चुनाव संहिता के प्रभाग 18 के अध्याय 4 की धारा 7 में दिए गये हैं।

# चेतावनी: मतदान प्रक्रिया को किसी भी तरह से बिगाड़ना वर्जित है!

उल्लंघन करने पर जुर्माने लगाए जा सकते हैं और/या कारावास की सजा दी जा सकती है।

## कौन सी गतिविधियाँ वर्जित हैं:

- चुनाव में धोखाधड़ी न करें या धोखाधड़ी करने का प्रयास न करें।
- किसी भी तरह से किसी भी व्यक्ति को मतदान करने या मतदान न करने के लिए किसी भी तरह का मुआवजा या रिश्वत प्रदान न करें या प्रेरित न करें या प्रेरित करने का प्रयास न करें।
- गैरकानूनी तरीके से मतदान न करें।
- मतदान करने का अधिकार न होने पर मतदान करने का प्रयास न करें या किसी अन्य को मतदान करने में सहायता न करें।
- चुनाव अभियान में शामिल न हों; मतदान स्थल में प्रवेश करने या बाहर निकलने वाले मतदाता की तस्वीर न लें या रिकॉर्ड न करें; या प्रवेश, निकास, या पार्किंग में बाधा न डालें।
- किसी भी व्यक्ति के मतदान के अधिकार को चुनौती न दें या मतदाताओं को मतदान करने से न रोकें; मतदान की प्रक्रिया में देरी न करें; या धोखाधड़ी से किसी व्यक्ति को यह सलाह न दें कि वह मतदान करने के योग्य नहीं है या मतदान के लिए पंजीकृत नहीं है।
- यह पता लगाने की कोशिश न करें कि किसी मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान किया।
- कुछ अपवादों को छोड़कर, किसी मतदान स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र में बन्दूक अपने पास न रखें या किसी के पास रखने की व्यवस्था न करें।
- कुछ अपवादों को छोड़कर, किसी मतदान स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र में शांति अधिकारी, गार्ड या सुरक्षा कर्मी की वर्दी में उपस्थित न हों या किसी के उपस्थित होने की व्यवस्था न करें।
- मतदान प्रणाली के किसी भी घटक के साथ छेड़छाड़ या हस्तक्षेप न करें।
- किसी चुनाव के परिणामों के जाली परिणाम न बनाएँ, जाली नकल न बनाएँ, या उनके साथ छेड़छाड़ न करें।
- किसी चुनाव के परिणामों में फेरबदल **न करें**।
- किसी भी मतदान सूची, आधिकारिक मतपत्र, या मतपत्र कंटेनर के साथ छेड़छाड़, उसे नष्ट या उसमें परिवर्तन न करें।
- किसी भी गैर-आधिकारिक मतपत्र इकट्ठा करने वाले कंटेनर को प्रदर्शित न करें जो किसी मतदाता को यह विश्वास दिलाने के लिए धोखा दे सकता है कि यह एक आधिकारिक संग्रह बॉक्स है।
- किए गए मतदानों के परिणामों की प्रति के साथ छेड़छाड़ या हस्तक्षेप न करें।
- किसी ऐसे व्यक्ति, जो पढ़ नहीं सकता या किसी बुज़ुर्ग के साथ किसी उम्मीदवार या विधेयक के पक्ष में या विपक्ष में मतदान करने के उनके इरादे के विपरीत जबरदस्ती न करें या धोखा न दें।
- किसी चुनाव अधिकारी के तौर पर कार्यवाही **न करें** जबकि आप वह नहीं हैं।

नियोक्ता अपने कर्मचारी को काम पर डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र लाने के लिए नहीं कह सकते या अपने कर्मचारी से काम पर अपने मतपत्र पर मतदान देने के लिए नहीं कह सकते। वेतन या मजदूरी का भुगतान करते समय, नियोक्ता ऐसी सामग्री को संलग्न नहीं कर सकते हैं जो उनके कर्मचारी की राजनीतिक राय या कार्यों को प्रभावित करने का प्रयास करती है।

क्षेत्र के बोर्ड सदस्य यह निर्धारित करने की कोशिश नहीं कर सकते कि किसी मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान दिया या, यदि वह जानकारी मिलती है, तो यह प्रकट नहीं कर सकते कि किसी मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान दिया।

ऊपर संक्षेप में दी गई मतदान प्रक्रिया को बिगाड़ने से संबंधित गतिविधि पर प्रतिबंध California चुनाव संहिता के प्रभाग 18 के अध्याय 6 में दिए गए हैं।

# California के सैन्य और विदेशी मतदाताओं के लिए सुझाव

सेना में सेवा करने वाले या संयुक्त राज्य अमेरिका से बाहर रहने वाले California वासियों के लिए चुनावों में हिस्सा लेना पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक है। यह आपके द्वारा सैन्य या विदेशी मतदाता के रूप में पंजीकरण करने और डाक, फैक्स, या ईमेल द्वारा चुनाव सामग्रियाँ प्राप्त करने से शुरू होता है। तैयार रहें!

- **जल्दी शुरुआत करें**। California के काउंटी चुनाव अधिकारी चुनाव के दिन से 60 दिन पहले सैन्य और विदेशी मतदाताओं को मतपत्र भेजना शुरू कर देते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए *registertovote.ca.gov* पर जाकर जल्दी मतदाता पंजीकरण आवेदन-पत्र भरें कि आपको समय पर आपकी चुनाव सामग्री मिले और आप चुनाव के दिन तक अपना मतदान किया मतपत्र वापस भेज सकें।
- **अपने विकल्पों को जानें**। सैन्य और विदेशी मतदाता के रूप में मतदान करने के लिए पंजीकरण करते समय, आप चुन सकते हैं कि आपको आपका मतपत्र डाक, फैक्स, या ईमेल द्वारा भेजा जाए। इसके अलावा, आप इस बारे में अधिक जानकारी के लिए अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर जा सकते हैं कि अपना मतपत्र और चुनाव सामग्रियाँ कैसे डाउनलोड करें। आप अपना मतदान किया गया मतपत्र अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी को डाक द्वारा या, कुछ खास परिस्थितियों में, फैक्स द्वारा वापस भेज सकते हैं। यदि आप फैक्स द्वारा अपना मतपत्र वापस भेजने की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, तो आपको गोपनीय मतपत्र के अपने अधिकार का त्याग करते हुए मतदाता शपथ फॉर्म (आपके काउंटी के चुनाव अधिकारी के पास उपलब्ध) भी फैक्स करना होगा।
- **संपर्क में बने रहें**। जब आप सैन्य या विदेशी मतदाता के रूप में पंजीकरण कर लें, तो आपको प्रत्येक राज्य के चुनाव से पहले आपके काउंटी के चुनाव अधिकारी से मतपत्र और चुनाव सामग्रियाँ मिलती रहेंगी। हालांकि, यदि आप अपना पता, अपना नाम या अपनी राजनीतिक पार्टी प्राथमिकता बदलते हैं, तो आपको मतदान करने के लिए अपने पंजीकरण को अपडेट करने की ज़रूरत होगी। खास तौर पर आपके लिए तैयार किए गए और चुनाव संसाधनों के लिए *sos.ca.gov/elections/voter-registration/military-overseas-voters/* पर जाएँ।

## याद रखने वाली तारीखें:

**21 अक्तूबर, 2024:** सैन्य और विदेशी मतदाताओं के लिए आम चुनाव हेतु मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अंतिम दिन।

**22 अक्तूबर–5 नवम्बर, 2024:** उसी दिन पंजीकरण करना उपलब्ध है। इस समय के दौरान आप "सशर्त" अनंतिम मतपत्र से मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी से संपर्क करें।

**5 नवम्बर, 2024:** चुनाव का दिन। डाक से भेजे गए मतपत्रों पर चुनाव के दिन या उससे पहले की डाक-मोहर लगा होना ज़रूरी है और इनका आपकी काउंटी के चुनाव कार्यालय को 12 नवम्बर, 2024 तक प्राप्त हो जाना ज़रूरी है। फैक्स किए गए मतपत्रों का चुनावों के समाप्त होने तक आपको काउंटी के चुनाव कार्यालय को चुनाव के दिन रात 8:00 बजे पैसीफिक मानक समय तक पहुंचना ज़रूरी है।

## अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें:

California राज्य सचिव

(888) 345-2692

*sos.ca.gov/elections/voter-registration/military-overseas-voters/*

संघीय मतदान सहायता कार्यक्रम

(800) 438-VOTE (8683)

*www.fvap.gov*

# विकलांग मतदाताओं के लिए सहायता

California यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक मतदाता अपने मतपत्र पर मतदान निजी और स्वतंत्र रूप से करने में सक्षम हो।

आपकी काउंटी विकलांग मतदाताओं को क्या सहायता प्रदान करती है, इसके बारे में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया अपनी काउंटी मतदाता सूचना गाइड में देखें या अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी से संपर्क करें। काउंटी की संपर्क सूचना *sos.ca.gov/elections/voting-resources/county-elections-offices* पर उपलब्ध है।

## किसी मतदान स्थल या मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करना

यदि आपको अपने मतपत्र पर निशान लगाने में सहायता चाहिए, तो आप अपनी मदद के लिए दो लोगों तक को चुन सकते हैं। यह व्यक्ति:

- आपका नियोक्ता या ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं हो सकता जो आपके नियोक्ता के लिए काम करता है
- आपकी यूनियन का नेता या कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं हो सकता जो आपकी यूनियन के लिए काम करता है

*कर्बसाइड मतदान* आपको मतदान क्षेत्र के यथासंभव नजदीक अपनी गाड़ी पार्क करने की अनुमति देता है। चुनाव अधिकारी आपके लिए हस्ताक्षर करने के लिए एक रोस्टर, एक मतपत्र, और ऐसी कोई भी अन्य मतदान सामग्री लाएंगे जिसकी आपको ज़रूरत हो सकती है, चाहे आप वास्तव में फुटपाथ पर मौजूद हों या कार में बैठे हों।

सभी मतदान स्थलों और मतदान केंद्रों का विकलांग मतदाताओं के लिए पहुंचनीय होना आवश्यक है और उनमें पहुंचनीय मतदान मशीनें लगी होना आवश्यक हैं।

## घर बैठे मतदान करना

दूरस्थ सुगम्य डाक-द्वारा-मतदान (RAVBM) प्रणालियाँ विकलांग मतदाताओं को घर बैठे ही अपना मतपत्र प्राप्त करने और उसे उनके चुनाव अधिकारी को वापस भेजने से पहले स्वतंत्र और निजी रूप से उस पर निशान लगाने का एक सुलभ विकल्प प्रदान करती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी से संपर्क करें।

## ऑडियो और बड़े प्रिंट वाली मतदाता जानकारी गाइडें

यह गाइड अंग्रेज़ी, चीनी, हिंदी, जापानी, खमेर, कोरियाई, स्पेनिश, टैगालॉग, थाई और वियतनामी भाषा में ऑडियो और बड़े प्रिंट संस्करणों में भी बिना किसी लागत के उपलब्ध है।

मंगवाने के लिए:

*vote.ca.gov* पर जाएँ

राज्य सचिव की टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर कॉल करें

ऑडियो MP3 संस्करण *voterguide.sos.ca.gov/hi/audio* से डाउनलोड करें

# पूर्व में जघन्य अपराध करने वाले व्यक्तियों के लिए मतदान अधिकार बहाल किया जाना

आप पंजीकरण और मतदान कर सकते हैं अगर आप:

- एक अमेरिकी नागरिक है और California के निवासी है
- चुनाव के दिन 18 साल या उससे अधिक उम्र के हैं
- वर्तमान में किसी न्यायालय द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाए गए हैं
- कोई जघन्य अपराध साबित होने पर इस समय राज्य या संघीय जेल की सजा नहीं काट रहे है

यदि आप इन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, तो आप मतदान कर सकते हैं, भले ही आप:

- किसी छोटे अपराध के दोषी हैं (कोई छोटा अपराध आपको मतदान करने से कभी नहीं रोकेगा)
- पैरोल निरीक्षण या परिवीक्षा पर हैं
- जेल से रिहा होने के बाद सामुदायिक निरीक्षण (PRCS) पर हैं

अधिक जानकारी के लिए, कृपया *votingrightsrestored.sos.ca.gov* पर जाएँ।

## मतदान करने के लिए आज ही पंजीकरण या दोबारा पंजीकरण करें!

यदि आप मतदान करने के लिए पंजीकृत थे और किसी जघन्य अपराध के लिए दोषी ठहराए गए थे, तो हो सकता है कि आपका पिछला पंजीकरण रद्द कर दिया गया हो।

मतदान करने के लिए आज ही ऑनलाइन *registertovote.ca.gov* पर जाकर पंजीकरण या दोबारा पंजीकरण करें। आप राज्य सचिव की मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर कॉल करके भी कागजी मतदाता पंजीकरण कार्ड के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

---

# लोकतंत्र को आपकी ज़रूरत है! एक मतदान कार्यकर्ता के रूप में काम करना

मतदान कार्यकर्ता बनने के लिए साइन अप करके अपने समुदाय के सदस्यों को मतदान करने के उनके अधिकार का इस्तेमाल करने में मदद करें। मतदान कार्यकर्ता के रूप में, आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि मतदाता आसानी से और सुरक्षित रूप से अपना मतदान कर सकें। व्यावहारिक अनुभव हासिल करें और हमारे लोकतंत्र के अकेले सबसे महत्वपूर्ण अधिकार—मतदान करने—में हिस्सा लें! आज ही अपना फॉर्म *pollworker.sos.ca.gov* पर पूरा करें।

मतदान कार्यकर्ता बनने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करें या California के राज्य सचिव को (888) 345-2692 पर कॉल करें, या *vote.ca.gov* पर जाएँ।

# अनंतिम मतदान करना

## क्या मतदान स्थल या मतदान केंद्र में मतदाता सूची में आपका नाम नहीं है?

तब भी आपको अनंतिम मतपत्र के साथ मतदान करने का अधिकार है।

## अनंतिम मतपत्र क्या होता है?

अनंतिम मतपत्र, मतपत्र पेटी में डाले जाने से पहले एक विशेष लिफाफे में रखा गया एक नियमित मतपत्र है। अनंतिम मतपत्र उन मतदाताओं द्वारा डाले जाने वाले मतपत्र हैं, जिनको लगता है कि वो मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं, चाहे उनके नाम मतदान स्थल या मतदान केंद्र में आधिकारिक मतदाता पंजीकरण सूची में न हों।

मतदाता को अनंतिम मतपत्र देने की ज़रूरत हो सकती है, यदि वे मतदान स्थल या मतदान केंद्र में व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चाहते हों लेकिन उनको अपना डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र न मिला हो या यदि व्यक्तिगत रूप से मतदान करने से पहले वापस सौंपने के लिए उनके पास अपना डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र न हो।

## क्या मेरा अनंतिम मतपत्र गिना जाएगा?

हाँ, आपका अनंतिम मतपत्र गिना जाएगा, जब चुनाव अधिकारी यह पुष्टि कर देंगे कि आप उस काउंटी में मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं और आपने पहले से ही उस चुनाव में मतदान नहीं किया है।

अनंतिम मतपत्र का इस्तेमाल उस काउंटी में किसी भी मतदान स्थल या मतदान केंद्र में किया जा सकता है, जिसमें आप मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं। केवल वही चुनाव प्रतियोगिताएँ, जिनके लिए आप मतदान करने के योग्य हैं, गिनी जाएंगी।

## आप अपने अनंतिम मतपत्र की स्थिति कैसे देख सकते हैं?

कोई भी व्यक्ति, जो अनंतिम मतपत्र से मतदान करता है, उसे अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी से यह जानने का अधिकार है कि क्या उसका मतपत्र गिना गया था और, यदि नहीं, तो किस कारण से उसे नहीं गिना गया था।

आप अपने अनंतिम मतपत्र की स्थिति
*voterstatus.sos.ca.gov* पर देख सकते हैं।

# काउंटी चुनाव कार्यालय

**Alameda काउंटी**
(800) 834-6454
*www.acvote.org*

**Alpine काउंटी**
(530) 694-2281
*www.alpinecountyca.gov/*

**Amador काउंटी**
(209) 223-6465
*www.amadorgov.org/government/elections*

**Butte काउंटी**
(530) 552-3400 या (800) 894-7761
(Butte काउंटी के अंदर)
*www.buttevotes.net*

**Calaveras काउंटी**
(209) 754-6376 या (833) 536-8683
*elections.calaverasgov.us/*

**Colusa काउंटी**
(530) 458-0500 या (877) 458-0501
*www.countyofcolusa.org/elections*

**Contra Costa काउंटी**
(925) 335-7800
*www.contracostavote.gov/elections/*

**Del Norte काउंटी**
(707) 464-7216
*www.co.del-norte.ca.us/departments/Elections*

**El Dorado काउंटी**
(530) 621-7480
*www.edcgov.us/Government/Elections*

**Fresno काउंटी**
(559) 600-8683
*www.fresnovote.com*

**Glenn काउंटी**
(530) 934-6414
*www.countyofglenn.net/dept/elections*

**Humboldt काउंटी**
(707) 445-7481
*www.humboldtgov.org/Elections*

**Imperial काउंटी**
(442) 265-1060
*www.elections.imperialcounty.org*

**Inyo काउंटी**
(760) 878-0224
*elections.inyocounty.us/*

**Kern काउंटी**
(661) 868-3590 या (800) 452-8683
*www.kernvote.com*

**Kings काउंटी**
(559) 852-4401 या
(800) 289-9981 एक्सटेंशन 4401
*www.votekingscounty.com*

**Lake काउंटी**
(707) 263-2372 या (888) 235-6730
*www.lakecountyca.gov/818/Registrar-of-Voters*

**Lassen काउंटी**
(530) 251-8217
*www.lassencounty.org/dept/county-clerk-recorder/elections*

**Los Angeles काउंटी**
(800) 815-2666
*www.lavote.gov*

**Madera काउंटी**
(559) 675-7720 या (800) 435-0509
*www.votemadera.com*

**Marin काउंटी**
(415) 473-6456
*www.marinvotes.org*

**Mariposa काउंटी**
(209) 966-2007
*www.mariposacounty.org/87/Elections*

**Mendocino काउंटी**
(707) 234-6819
*www.mendocinocounty.org/government/assessor-county-clerk-recorder-elections*

**Merced काउंटी**
(209) 385-7541 या (800) 561-0619
*www.mercedelections.org*

**Modoc काउंटी**
(530) 233-6200
*www.co.modoc.ca.us/departments/elections/*

**Mono काउंटी**
(760) 932-5537 या (760) 932-5530
*monocounty.ca.gov/elections*

**Monterey काउंटी**
(831) 796-1499 या (866) 887-9274
*www.montereycountyelections.us/*

**Napa काउंटी**
(707) 253-4321
*www.countyofnapa.org/396/elections*

**Nevada काउंटी**
(530) 265-1298 या (888) 395-1298
*www.nevadacountyca.gov/1847/Elections-Voting*

**Orange काउंटी**
(714) 567-7600 या
(888)-OCVOTES (628-6837)
*www.ocvote.gov*

**Placer काउंटी**
(530) 886-5650 या (800) 824-8683
*www.placercountyelections.gov*

**Plumas काउंटी**
(530) 283-6256 या (844) 676-VOTE
*www.plumascounty.us/142/Elections-Division-Home*

**Riverside काउंटी**
(951) 486-7200
*www.voteinfo.net*

**Sacramento काउंटी**
(916) 875-6451 या (800) 762-8019
*www.elections.saccounty.gov*

**San Benito काउंटी**
(831) 636-4016
*www.sanbenitocounty-ca-cre.gov/*

**San Bernardino काउंटी**
(909) 387-8300
*www.sbcountyelections.com*

**San Diego काउंटी**
(858) 565-5800 या (800) 696-0136
*www.sdvote.com/*

**San Francisco काउंटी**
(415) 554-4375
*www.sfelections.gov*

**San Joaquin काउंटी**
(209) 468-2890 या (209) 468-8683
*www.sjgov.org*

**San Luis Obispo काउंटी**
(800) 834-4636
*www.slovote.com*

**San Mateo काउंटी**
(650) 312-5222
*www.smcacre.org*

**Santa Barbara काउंटी**
(805) 568-2200 या (800) 722-8683
*www.sbcvote.com*

**Santa Clara काउंटी**
(408) 299-8683 या (866) 430-8683
*www.sccvote.org*

**Santa Cruz काउंटी**
(831) 454-2060 या (866) 282-5900
*votescount.santacruzcountyca.gov*

**Shasta काउंटी**
(530) 225-5730
*www.elections.shastacounty.gov*

**Sierra काउंटी**
(530) 289-3295
*www.sierracounty.ca.gov/214/Elections*

**Siskiyou काउंटी**
(530) 842-8084
*www.co.siskiyou.ca.us/elections*

**Solano काउंटी**
(707) 784-6675 या (888) 933-8683
*www.solanocounty.com/elections*

**Sonoma काउंटी**
(707) 565-6800 या (800) 750-8683
*vote.sonoma-county.org*

**Stanislaus काउंटी**
(209) 525-5200 या (833) 772-2260
*www.stanvote.com*

**Sutter काउंटी**
(530) 822-7122
*www.suttercounty.org/elections*

**Tehama काउंटी**
(530) 527-8190
*www.tehama.gov/government/departments/elections/*

**Trinity काउंटी**
(530) 623-1220
*www.trinitycounty.org/Elections*

**Tulare काउंटी**
(559) 839-2100
*tularecoelections.org/elections/*


**Tuolumne काउंटी**
(209) 533-5570
*www.co.tuolumne.ca.us/elections*

**Ventura काउंटी**
(805) 654-2664
*www.venturavote.org*

**Yolo काउंटी**
(530) 666-8133
*www.yoloelections.org*

**Yuba काउंटी**
(530) 749-7855
*www.yubaelections.org*

# याद रखने वाली तारीखें!



## देरी न करें, आज ही मतदान करें!

**डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र से जल्दी मतदान करने की अवधि 7 अक्तूबर से 5 नवम्बर, 2024 तक है।**
**मतदान स्थल चुनाव के दिन 5 नवम्बर, 2024 को सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं!**

### अक्टूबर

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

**7 अक्टूबर**
काउंटी चुनाव अधिकारी इस तारीख को या इससे पहले डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र भेजना शुरू कर देंगे।

**7 अक्टूबर–5 नवम्बर**
डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र वापस करने के लिए मतदान की अवधि।

**8 अक्टूबर**
डाक-द्वारा-मतदान के लिए सुरक्षित ड्रॉप बॉक्स खुलते हैं।

**21 अक्टूबर**
मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अंतिम दिन। मतदाता पंजीकरण की अंतिम तिथि के बाद, चुनाव के दिन सहित, उसी दिन मतदाता पंजीकरण आपके काउंटी चुनाव कार्यालय या मतदान स्थान पर उपलब्ध होता है।

**26 अक्टूबर**
वह पहला दिन, जब जल्दी व्यक्तिगत रूप से मतदान करने के लिए मतदाता विकल्प अधिनियम वाली काउंटियों में मतदान केंद्र खुलते हैं।

---

### नवम्बर

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

**मंगलवार, 5 नवम्बर, 2024**
व्यक्तिगत रूप से मतदान करने या डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र को रात 8:00 बजे तक वापस लौटने का अंतिम दिन।

मतदान स्थल सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं।

डाक द्वारा मतदान मतपत्रों पर 5 नवम्बर तक की तारीख डाक-मोहर का लगा होना ज़रूरी है।